Name of publication: Dainik Bhaskar

Date: Feb 5, 2020

दैनिक भास्कर

सफाई के प्रति स्कूल के बच्चों को किया जागरूक

खाने से पहले साबुन से हाथ धोने को कहा गया

भास्कर न्यूज|पूसा

प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदौली के परिसर में सहगल फाउंडेशन द्वारा वाटर एंड सैनीटेशन हाइजीन (वाश) के विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को प्रदूषित पेयजल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। इसके अलावे संस्थान से जुड़े विशेषज्ञों ने बच्चों को पानी कैसे प्रदूषित होता हैं तथा कैसे पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है इसके बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान बच्चों से साफ-सफाई, वायु व जल प्रदूषण आदि से संबंधित सवाल भी पूछे गए तथा सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया। संस्था के विशेषज्ञ धर्मेंद्र सिंह ने बच्चों से अपील कर कहा कि वे खाना-खाने से पहले व शौच के बाद निश्चित रूप से साबुन से हाथ धोएं। उन्होंने स्कूल के बच्चों के बीच साबुन का वितरण भी किया। इस अवसर पर स्कूल के एचएम सत्यनारायण सिंह ने कहा कि सहगल फाउंडेशन द्वारा बच्चों के जागरूकता के लिए चलाया जा रहा कार्यक्रम सराहनीय है। बच्चों को साफ-सफाई व प्रदूषित पेयजल के प्रति निरंतर जागरूक करने से हमारा समाज भी जागरूक होगा। मौके पर सहगल फाउंडेशन के प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह भी मौजूद थे।

Session on importance of clean drinking water in Samastipur, Bihar

Sehgal Foundation organized an awareness building session on Water, Sanitation and Hygiene in government senior secondary school in Chandoli. Schoolchildren were sensitized on how water gets contaminated. Students were asked questions on how can we avoid contamination of water and contribute to tackle climate change and environmental deterioration. Winning answers received a token of appreciation. Dharmendra Singh, a representative of Sehgal Foundation, appealed to the students to wash hands before each meal and after defecation.